तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

08 गौवंश तस्करी के फरार तीन मुख्य आरोपी चढ़े पुलिस ...



10 कोकानपुर में गौरा-गौरी और बाबा नर्मदेश्वर ...



खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने किया उद्यान का प्रक्षेत्र भ्रमण



कांकेर। शासकीय उमावि सिदेसर के कक्षा 10 वीं एवं 11 वीं के विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत नथियानवागांव उद्यान का प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फसलों की विभिन्न किस्मों, बीज उत्पादन, पौधे तैयार करने, कटिंग एवं ग्राफ्टिंग की विधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन और पौधों की बेहतर वृद्धि के लिए अपनाई जाने वाली आधुनिक तकनीकों को समझा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि एवं उद्यानिकी का व्यावहारिक ज्ञान देना तथा कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ना था।

जिला स्तरीय युवा उत्सव अब 31 अक्टूबर को

कांकेर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह आयोजन 29 अक्टूबर को होना था, लेकिन चक्रवात के प्रभाव से बारिश की संभावना को देखते हुए अब 31 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजे से नया बस स्टैंड डोम में आयोजित होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज एवं पारंपरिक वेशभूषा शामिल हैं।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 30 को

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर की सामान्य सभा की बैठक 30 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक 28 अक्टूबर को आयोजित होनी थी, जिसे संशोधित कर अब 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्धारित एजेंडानुसार विभिन्न विषयों पर चर्चा तथा संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

कांकेर। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 27 से 29 अक्टूबर तक भारी से अति भारी वर्षा और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार सभी को अपने निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश लेने या मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आदेश का उद्देश्य संभावित आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करना है।

साइबर अपराधों से निपटने शुरू हुआ साइबर सेल, तकनीकी साक्ष्य जुटाने मिलेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विधायक आशाराम नेताम और बस्तर रेंज आईजी बद्रीनारायण मीणा ने किया उद्घाटन

डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों की चुनौती भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और अन्य साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कांकेर जिले में साइबर सेल की शुरुआत की गई है। विधायक आशाराम नेताम, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्रीनारायण मीणा और पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने साइबर सेल का शुभारंभ किया। इस पहल से साइबर अपराधों की जांच, तकनीकी साक्ष्य जुटाने और शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। साइबर सेल के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध आम नागरिकों के लिए एक गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऑनलाइन ठगी और डिजिटल माध्यमों से होने वाली धोखाधड़ी से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे मामलों में समय पर शिकायत दर्ज होना, तकनीकी साक्ष्यों का सही तरीके से संकलन और त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइबर सेल की स्थापना से जिले के नागरिकों को साइबर संबंधी शिकायतों के निराकरण में सहायता मिलेगी तथा पुलिस की तकनीकी कार्यक्षमता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने और सतर्कता बरतने की ⏭शेष पेज 08 पर



अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एसडीओपी हरीश पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे, उप पुलिस अधीक्षक विंकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरीक्षक दीपक साव, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली जितेंद्र साहू, साइबर थाना प्रभारी राजेंद्र साहू सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जांच को प्रभावी बनाया जाएगा

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि साइबर सेल का शुभारंभ जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से साइबर ठगी एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों की जांच को प्रभावी बनाया जाएगा।

सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही, बदला कांकेर का मौसम

अर्नब चक्रवात के प्रभाव से आज बारिश के आसार 60 किमी की रफ्तार से चल सकती है हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बंगाल की खाड़ी में बने अर्नब चक्रवात के प्रभाव से जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलता नजर आया। मंगलवार 27 अक्टूबर की सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। कभी बादलों के बीच से सूर्यदेव की किरणें धरती पर पहुंचीं, तो कभी घने बादलों ने सूरज को अपने आगोश में ले लिया। दिनभर धूप और छांव के बीच सूर्यदेव की लुकाछिपी का सिलसिला चलता रहा। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में अलग माहौल का अनुभव हुआ। सुबह की शुरुआत आसमान में बादलों की मौजूदगी के साथ हुई। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा, आसमान में बादलों का जमावड़ा और धूप के बीच आंख-मिचौली का दौर जारी रहा। कुछ समय के लिए धूप निकलने से वातावरण में उजाला बढ़ा, लेकिन बादलों के दोबारा छा जाने से मौसम फिर बदला-बदला नजर आने लगा। आसमान में बादलों की आवाजाही ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। हालांकि, मौसम में बदलाव के बीच बारिश की स्थिति को लेकर लोगों की निगाहें आसमान पर टिकी रहीं। मौसम में हो रहे इस बदलाव को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले अर्नब चक्रवात के प्रभाव से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसे में जिले के लोगों के साथ-साथ किसानों की भी मौसम पर नजर बनी हुई है। विशेष रूप से खेती-किसानी से जुड़े लोगों के लिए इस समय मौसम का पूर्वानुमान महत्वपूर्ण है, क्योंकि धान की फसल और कटाई से संबंधित गतिविधियां मौसम पर निर्भर करती हैं।

- धान की कटाई और खुले में रखी फसल पर मंडराया बारिश का खतरा



आज और कल बारिश की संभावना

अर्नब चक्रवात के कारण 28 अक्टूबर बुधवार को कांकेर और आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की प्रबल आशंका है। आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल के बाद, जब तूफान आगे बढ़ेगा, तो कांकेर में हवा की रफ्तार बढ़कर 40 से 60 किमी/घंटा (झोंकों में और अधिक) तक पहुंच सकती है। बारिश के साथ तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने का भी खतरा बना रहेगा। इसके अलावा 29 अक्टूबर गुरुवार को मुख्य सिस्टम छत्तीसगढ़ के मध्य और उत्तरी हिस्सों (बिलासपुर संभाग) की ओर शिफ्ट हो जाएगा। इसके कारण कांकेर में खतरा थोड़ा कम होगा और जिला यलो अलर्ट पर आ जाएगा। इस दिन भी आसमान में घने बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।

किसानों के लिए मौसम की स्थिति अहम

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेती-किसानी का काम जारी है। ऐसे में आसमान में लगातार बादलों की मौजूदगी और बारिश की आशंका किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यदि बारिश होती है, तो खेतों में खड़ी फसल, कटाई और खुले स्थानों पर रखे धान पर संकट मंडरा सकता है। मौसम विभाग और प्रशासन ने पहले ही किसानों को अर्नब चक्रवात के बदलते मौसम के बारे में सचेत कर चुका है।

हवा की रफ्तार में दो गुना बढ़ोत्तरी

27 अक्टूबर को कांकेर में हवा की औसत गति मुख्य रूप से 14 से 21 किमी/घंटा (लगभग 9 से 14 मील प्रति घंटा) दर्ज की गई है। चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव के कारण दोपहर के समय हवा की रफ्तार में बढ़ोतरी देखी गई और हवा के झोंके अधिकतम 32 से 40 किमी/घंटा तक पहुंचे। हवा की मुख्य दिशा उत्तर-पूर्व रही है। चक्रवात ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटों की तरफ जैसे-जैसे बढ़ेगा, कांकेर सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में हवा की रफ्तार और बारिश की तीव्रता आगामी 28 और 29 अक्टूबर को और अधिक बढ़ सकती है।

प्रेम और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप



कांकेर। थाना आमाबेड़ा क्षेत्र में नाबालिग युवती से दुष्कर्म और उसके गर्भवती होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद युवती को प्रेम और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस को बताया गया कि आरोपी ने फरवरी 2026 से लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना आमाबेड़ा पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 27 अक्टूबर को आरोपी आवासपारा कोलियारी निवासी 23 वर्षीय सौरभ कुमार निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक ⏭शेष पेज 08 पर

कामतेड़ा सेक्टर में कांग्रेस की बैठक, 120 नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी में किया प्रवेश



कोयलीबेड़ा। कोयलीबेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कामतेड़ा सेक्टर में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकतंत्र की रक्षा, मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर 120 नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी में प्रवेश किया।

बैठक के दौरान पार्टी में शामिल हुए नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता के अधिकारों की रक्षा आवश्यक है। जनता की आवाज को बुलंद करना और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देना पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया। बैठक के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा ⏭शेष पेज 08 पर

फिट इंडिया और स्वच्छता फ्रीडम रन में दौड़े 86वीं बटालियन के जवान और नागरिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

स्वस्थ शरीर, स्वच्छ वातावरण और अनुशासित जीवनशैली का संदेश देने के उद्देश्य से मंगलवार को फिट इंडिया एवं स्वच्छता फ्रीडम रन अभियान के तहत दंडकवन रावघाट स्थित सामरिक मुख्यालय में चार किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। सुबह की ताजगी के बीच जवानों और स्थानीय नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। इस आयोजन के माध्यम से नियमित व्यायाम, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ सैनिकों एवं नागरिकों के बीच आपसी सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार 27 अक्टूबर की सुबह 6.30 बजे दंडकवन शिविर से दौड़ को रवाना किया गया। प्रतिभागियों ने सामरिक मुख्यालय से रावघाट रेलवे स्टेशन तक निर्धारित चार किलोमीटर का मार्ग तय किया। सुबह 6:30 बजे से 7:15 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में 86वीं बटालियन के 58 जवान एवं कर्मियों के साथ 12 नागरिकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन, उत्साह और ⏭शेष पेज 08 पर

क्वाचीकटेल के खिलाड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

दुर्गूकोंदल। छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर क्षेत्र के युवा कराटे खिलाड़ी संदीप नेताम ने मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया विनर्स कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर क्षेत्र और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। दुर्गूकोंदल विकासखंड की ग्राम पंचायत बांगाचार के आश्रित ग्राम क्वाचीकटेल निवासी संदीप की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वर्ल्ड शोतोकान फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संदीप ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले भी वह राष्ट्रीय स्तर की कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं। उनकी पिछली उपलब्धि पर ⏭शेष पेज 08 पर



नियमितीकरण होने तक आंबा को 30 हजार और सहायिकाओं को 25500 रुपए मासिक मानदेय देने की मांग

पखांजूर में आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने की हड़ताल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच, छत्तीसगढ़ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर मंगलवार को परियोजना पखांजूर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहीं। हड़ताल के चलते परियोजना क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के सामने धरना देकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विभागीय सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नियमितीकरण होने तक श्रम कानूनों के अनुरूप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 30 हजार रुपए और सहायिकाओं को 25500 रुपए मासिक मानदेय देने की मांग की गई। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर तथा सहायिकाओं को कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति देने, सामूहिक बीमा, ग्रेच्युटी और पीएफ की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है। मंच ने आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने, सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ताओं को पांच लाख और सहायिकाओं को तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने तथा प्रतिवर्ष मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि करने की मांग उठाई। साथ ही विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य नहीं सौंपने की मांग भी की गई। मंच की पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान आंदोलन सांकेतिक है। यदि शासन उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय नहीं लेता है, तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में सोनाली हालदार, पिंकी दत्ता, जूथिका राय, ममता मंडल, रीता दास, दिप्ती मंडल, जानाबी साहा, प्रणिता बागची, ⏭शेष पेज 08 पर





खबर संक्षेप

बस्तर ओलम्पिक में खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने आज सुबह निकलेगी विशाल रैली

कोण्डागांव। बस्तर ओलम्पिक 3.0 में अंचल के अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को सुबह विशाल जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से स्थानीय युवाओं और आम नागरिकों को बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने तथा अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता रैली का शुभारंभ सुबह 6 बजे विकासनगर स्टेडियम से होगा। रैली यहां से पुलिस ग्राउंड की ओर प्रस्थान करेगी। इसके बाद सुबह 6.30 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में अभियान का समापन किया जाएगा। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं और स्थानीय खिलाड़ियों को बस्तर ओलम्पिक 2026 से जोड़ना है। रैली के माध्यम से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से आम नागरिकों और खिलाड़ियों से बस्तर ओलम्पिक 3.0 में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने की अपील की जाएगी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 25 लाख 10 हजार की संपत्ति जब्त की

गौवंश तस्करी के फरार तीन मुख्य आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, अब तक 13 युवकों की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



गौशाला भेजने के नाम पर 40 गौवंशों को ले जाकर बेचने के मामले में नरहरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन फरार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक हुंडई क्रेटा कार, दो पिकअप वाहन और मवेशियों की बिक्री से संबंधित 10 हजार रुपये सहित कुल 25 लाख 10 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। इस प्रकरण में अब तक कुल 13 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

थाना नरहरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि क्षेत्र के ग्रामीणों की गाय और बछड़े लापता हैं। पूछताछ के दौरान पता चला कि हिमांशु तिवारी और गौरव शोरी ने आवारा एवं लावारिस मवेशियों को गौशाला भेजने की बात कहकर ग्रामीणों से संपर्क किया था। आरोपियों ने मवेशियों को पंडरीपानी, सिहावा स्थित गौशाला में भेजने का भरोसा दिलाया और नरहरपुर हाईस्कूल खेल मैदान से करीब 40 गौवंशों को पिकअप वाहनों में भरकर ले गए।

बाद में ग्रामीणों ने संबंधित गौशाला पहुंचकर जानकारी ली, तो वहां नरहरपुर से कोई भी गौवंश नहीं पहुंचने की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जांच में मवेशियों को वाहनों में ठूंस-ठूंसकर भरकर कत्लखाने के लिए ओडिशा के पापड़ाहांडी ले जाने की बात सामने आने पर आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) भी जोड़ी गई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी जामगांव निवासी 32 वर्षीय विजय कुमार साहू पिता चमराराम साहू, जामगांव निवासी 38 वर्षीय किशोर नाग पिता घासी राम और जागगांव निवासी 31 वर्षीय आशीष पटेल पिता स्व. लोचन पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

धमतरी से पकड़े गए फरार आरोपी

पुलिस ने पूर्व में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था। वहीं, मामले के फरार मुख्य आरोपी हेमंत यादव निवासी धमतरी और प्रियेश साहू निवासी खरतूली की तलाश की जा रही थी। आरोपियों की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने धमतरी में घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों हिमांशु तिवारी और गौरव शोरी के साथ मिलकर चोरी किए गए मवेशियों को ओडिशा के पापड़ाहांडी ले जाकर 45 हजार रुपये में बेच दिया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने स्वयं को बचाने और पुलिस को गुमराह करने के लिए अन्य स्थान से मवेशी लाकर उन्हें नरहरपुर से लाया गया बताने का प्रयास भी किया।

25.10 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लाख रुपये कीमत की एक हुंडई क्रेटा कार, 10 लाख रुपये कीमत के दो पिकअप वाहन और मवेशियों की बिक्री से संबंधित 10 हजार रुपये जब्त किए हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 25 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है।

आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों और आश्रमों की व्यवस्थाओं पर जिपं सीईओ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों के संचालन और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उनके द्वारा बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, खान-पान और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीईओ जिला पंचायत ने आश्रमों - छात्रावासों के निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारियों को नियमित रूप से संस्थाओं का निरीक्षण करने तथा आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों में बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों में शिकायत पेटी अनिवार्य रूप से रखने के लिए निर्देशित किया, ताकि विद्यार्थी अपनी समस्याओं और शिकायतों को सामने रख सकें। छात्राओं की सुरक्षा और उनकी समस्याओं को समझने के लिए महिला निरीक्षणकर्ता अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर छात्राओं से एकांत में संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए, ताकि वे बिना किसी संकोच के अपनी बात रख सकें। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक माह कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षण कराने को कहा गया। इसके अलावा, अस्वस्थ एवं बीमार विद्यार्थियों की उचित देखभाल के लिए प्रत्येक संस्था परिसर में पृथक कक्ष को मेडिकल रूम के रूप में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

इस कक्ष में बिस्तर, आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों को सुरक्षित वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और समुचित देखभाल उपलब्ध हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, मंडल संयोजक, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अंतागढ़ के अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोयलीबेड़ा में आंबा कार्यकर्ताओं ने पांच मांगों के लिए किया धरना-प्रदर्शन



कोयलीबेड़ा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कोयलीबेड़ा विकासखंड में धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन से अपनी लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उन्हें अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की देखभाल, टीकाकरण संबंधी गतिविधियों तथा शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने शासन से पांच सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के इस धरना-प्रदर्शन के माध्यम से शासन-प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुंचाने का प्रयास किया गया। अब सभी की निगाहें शासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि उनकी पांच सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा, जिससे उन्हें राहत मिल सकेगी।

वीर शिवाजी युवा क्लब के आयोजन की अतिथियों ने की सराहना, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

ग्राम टेड़ाईकोंदल में वीर शिवाजी युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का 25 अक्टूबर की रात समापन हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण अंचलों में ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उनकी प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने से स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। अतिथियों ने वीर शिवाजी युवा क्लब एवं आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना रहा। समापन अवसर पर आयोजन समिति ने अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य झरना हेमंत ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, सरपंच अनुराम नरेटी, बल्दूराम कोमरा,रवि दुग्गा, विष्णु कचलाम, कृष्णा उइके, ग्राम पटेल बंशीलाल कोमरा, नंदलाल मंडावी, गंगाराम दरपठी, लखन कोमरा, संतोषी नुरेटी, हनेश्वरी दरपठी, असमोबाई नाग, सुमिता वट्टी, जागेश्वर उसेंडी, शिवबत्ती कांगें, रयोबाई कोमरा, प्रमिला नरेटी, पलटन नरेटी, मेघनाथ मरलामी, झाड़राम टांडिया, रोहितदास कोला, बृजलाल बघेल, प्यारे लाल दरपठी, महेश टांडिया, अलीराम कोमरा, जयसिंह पोडोटी, सियाराम दरों, मनकर कुमेटी और रमेश दरपठी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

जयपुर क्रिकेट टूर्नामेंट में मायापुर वारियर्स चैंपियन, महेश बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पंचायत स्तरीय जयपुर क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन हुआ। आठ दिनों तक चले टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबले में मायापुर वारियर्स ने जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल में मायापुर वारियर्स की जीत में महेश मंडावी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 49 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाने वाले उत्तम काजी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। आयोजन समिति की ओर से विजेता मायापुर वारियर्स को 15 हजार और उपविजेता टीम को 8 हजार की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

समापन समारोह में सरपंच आशा बड़ाई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है। खेल से अनुशासन, टीम भावना, आपसी भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजन में सहयोग करने वालों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य हरिमोहन दास सहित उपसरपंच विजय मिस्त्री, सुचित्रा कीर्तनिया, सुचित्रा वर्मन, दीपा सिकदर, मनकू राम आंचला, झरना बड़ाई, मानसय दर्रो, सुकुई बाई आंचला, निलेन्द्र कुमार भद्र, सातऊ उसेंडी और सुखमती कुमारे सहित ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

दुर्गूकोंदल में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने दिया धरना



दुर्गूकोंदल। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर विकासखंड दुर्गूकोंदल की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रंगमंच स्थल पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचीं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें सम्मानजनक मानदेय और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संयुक्त मंच ने कार्यकर्ताओं के नियमितीकरण तक 30 हजार रुपये तथा सहायिकाओं को 25 हजार 500 रुपये मासिक मानदेय देने की मांग की। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर और सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति, समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी एवं भविष्य निधि की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। मंच ने आकस्मिक मृत्यु पर आश्रित सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति, सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ताओं को पांच लाख और सहायिकाओं को तीन लाख रुपये देने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरने में जमुना माहवे, अर्चना भुआर्य, अंजू टांडिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

शक्ति केंद्र सिवनी की बैठक में पुजारीपारा में संगठन विस्तार और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल के अंतर्गत शक्ति केंद्र सिवनी की संगठनात्मक बैठक सोमवार 26 अक्टूबर को ग्राम पुजारीपारा में आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो एवं मंडल प्रभारी गौतम उइके के मार्गदर्शन में हुई बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही सशक्त बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा, जनसंपर्क और जनविश्वास के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के साथ युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। शक्ति केंद्र संयोजक सुदेश तोप्पा एवं सह-संयोजक विष्णु उसेंडी ने भी संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी बनाने और प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष जयसिंह महावीर, रजमन दुग्गा, सुमन कल्लो, सरपंच सियाराम मंडावी, छत्रप्रताप दर्रो, सोनू उईका, बीरेंद्र मंडावी, भीमराज यादव, पवन कल्लो, सगरु गावड़े, गन्नू तोप्पा, उमेश्वरी हिड़को, सगनी यादव, अमित केमरो, मनोज बघेल और राजेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना से साकार हो रहा दो सुकन्याओं का सुनहरा भविष्य



कांकेर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित नरहरपुर आवासपारा वार्ड क्रमांक 11 की निवासी गायत्री नेताम इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता का सदुपयोग करते हुए अपनी दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है। गायत्री नेताम बताती है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन किया था। मार्च 2024 से उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। यह राशि उनके लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर रही है। गायत्री ने इस सहायता राशि को केवल वर्तमान की जरूरतों तक सीमित न रखते हुए अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का माध्यम बनाया है। उन्होंने अपनी दोनों बेटियों के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाते खुलवाए हैं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि में से एक हिस्सा वह नियमित रूप से बेटियों के भविष्य के लिए बचत कर रही है। उनका उद्देश्य है कि भविष्य में बेटियों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध हो सके। गायत्री नेताम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया है। उनके लिए सबसे बड़ी खुशी यही है कि आज वह अपनी दोनों बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रही हैं।

इरागांव में चला विशेष स्वच्छता अभियान

केशकाल। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्राथमिक केशकाल विधानसभा के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र इरागांव में स्पेशल कैंपेन-6 के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों, चिकित्सा उपकरणों एवं बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निपटान से संबंधित व्यवस्थाओं की सफाई की गई। पीएचसी इरागांव के प्रभारी डॉ. राजीव महिलवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टाफ द्वारा अभियान के अंतर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसमें बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन संबंधी गाइडलाइंस के अनुसार कचरे के उचित निपटान तथा स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान शौचालयों की सफाई एवं स्वच्छता चेकलिस्ट के अनुसार व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही डीप पिट एवं शार्प पिट में बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान से संबंधित व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया। अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, लेबर टेबल, स्लिपर, चिकित्सा उपकरणों और बेड सहित विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की गई।इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता के निर्धारित मानकों को बनाए रखना, संक्रमण की आशंका को कम करना तथा मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। कलेक्टर एवं सीएमएचओ के निर्देशानुसार स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यह कार्य किया गया। अभियान में इरागांव के प्रभारी डॉ. राजीव महिलवार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता रही।

पेज 07 के शेष...

साइबर अपराधों से ...

पर भी जोर दिया।**सहायता करने में समय में मिलेगी मदद :** बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्रीनारायण मीणा ने कहा कि साइबर सेल की स्थापना साइबर अपराधों की रोकथाम और शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से साइबर अपराधों की जांच, तकनीकी साक्ष्यों के संकलन तथा पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर शिकायतों पर तत्परता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रेम और शादी का ...

कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना आमाबेड़ा के निरीक्षक सुदर्शन सिंह ध्रुव, उपनिरीक्षक भुवनेश्वर चंद्रवंशी, सहायक उपनिरीक्षक गिरीशचंद्र कुर्रे, प्रधान आरक्षक महेश कुमार नेताम तथा आरक्षक विकास कुमार, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, नंदकुमार ठाकुर, महिला आरक्षक प्रतिभा यादव एवं प्रमिला विश्वकर्मा का योगदान रहा।

पखांजूर में आंबा ...

दिपाली मंडल और पुष्पा कर्मकार सहित विभिन्न सेक्टरों की अध्यक्ष एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

कामतेड़ा सेक्टर में ...

और जनता के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल दर्रो, पूर्व प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई, सुभद्रा सलाम, रतिराम दुग्गा, प्रेम उन्द्रे, विनोद उसेंडी, हरिचंद्र देहरी, सरवन नेताम, सताऊ राम दुग्गा, राजू कुमेटी, भुनेश गावड़े, हरसिंह मांडवी, लच्छू राम गोटा, संदीप आचला एवं मनोज सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फिट इंडिया और ...

सामूहिक भावना के साथ दौड़ पूरी की। कार्यक्रम के समापन पर 86 वीं बटालियन के कमांडेंट धनंजय सिंह चौहान ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और सक्रिय जीवनशैली के लिए नियमित व्यायाम, दौड़ तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार बेहद जरूरी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियों के लिए समय निकालना चाहिए। नियमित व्यायाम से शरीर को स्वस्थ रखने और जीवनशैली को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की।

क्वाचीकटेल के खिलाड़ी ...

राज्य सरकार द्वारा भी सम्मानित किया गया था। संदीप ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत, कोच के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करना है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने वाले संदीप अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

खबर संक्षेप

कन्या आश्रम शाला मड़से में साइकिल वितरण



गीदम। कन्या आश्रम शाला मड़से में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मड़से की सरपंच उर्मिला कश्यप, पंचायत प्रतिनिधि कुम्माराम वेक, एसएमसी अध्यक्ष शिवराम वेक, उपाध्यक्ष पीलूराम वेक की उपस्थिति में 4 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि शासन की इस योजना से बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। कार्यक्रम में शाला के प्रधान अध्यापक केशव सिंह, टिलेश्वरी नेताम, ओमशरण ध्रुव, रूपेश ध्रुव, आशुतोष शिवहरे, कु. प्रियांशु मिश्रा, ज्योति कड़ती सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

पटवारियों की हड़ताल से धान खरीदी पर संकट

गीदम। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रविश सुराना ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पटवारियों की अनिश्चितकालीन



हड़ताल पर गहरी चिंता जताई है। सुराना ने कहा कि प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन' सरकार के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर किसान, कर्मचारी और आम जनता परेशान हैं। सरकार सुशासन के केवल नारे दे रही है, जबकि पटवारी अपनी जायज मांगों और भौतिक सत्यापन मोबाइल ऐप की तकनीकी दिक्कतों को लेकर आंदोलन करने पर मजबूर हैं। धान खरीदी का समय नजदीक है। हड़ताल के कारण भूमि सत्यापन, खसरा रिकॉर्ड और किसान पंजीयन जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य ठप हैं। बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र के किसानों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। यदि सरकारी अव्यवस्था के कारण किसानों को उपज बेचने में परेशानी हुई, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बच्चों को बांटी अध्ययन सामग्रियां और ड्राई फ्रूट्स

गीदम। समाज सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए, गीदम के प्रतिष्ठित व्यापारी दंपति अनीता जैन और आशीष जैन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, बड़े सरपंच पारा हाउरनार संकुल-हाउरनार के छात्र-छात्राओं को उपयोगी सामग्रियां वितरित की गई। इस विशेष सेवा कार्य के तहत स्कूल के बच्चों को टाई, बेल्ट, पानी की बोतल और ड्राई फ्रूट्स का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। गौरतलब है कि आशीष जैन द्वारा समय-समय पर क्षेत्र के बच्चों के कल्याण के लिए फल, शैक्षणिक सामग्री, और मिठाइयों का वितरण किया जाता रहा है।

सोनारपाल में 65 लाख की पानी टंकी अधूरी, पेयजल संकट को लेकर चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

हर घर नल योजना का काम ठप, कांग्रेस प्रदेश सचिव ध्रुव ने सरकारी दावों पर उठाए सवाल

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनारपाल में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल, हर घर जल' योजना के तहत घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सोनारपाल में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी टंकी का काम अब तक अधूरा है। इसके चलते ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।





आंदोलन की चेतावनी

ध्रुव ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्रामीणों की पेयजल समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया और अधूरी टंकी का काम पूरा नहीं हुआ, तो सोनारपाल के ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा। इस दौरान ध्रुव के साथ तुक्का राम पंडा, मालती नेताम, सुखनाथ नेताम सहित बड़ी संख्या में सोनारपाल के महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों का मुख्य सवाल है कि लगभग 65 लाख रुपये की लागत से बन रही पानी टंकी का निर्माण आखिर कब पूरा होगा और उन्हें नियमित पेयजल कब मिलेगा।

इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव श्याम कुमारी ध्रुव ने भाजपा सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। ध्रुव ने कहा कि जब ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है, तो सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक कैसे पहुंचेगा? उन्होंने संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि पानी टंकी का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए तथा ग्राम पंचायत सोनारपाल में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार, चक्रवात से निपटने प्रशासन अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में विकास कार्यों को गति देने और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर अमित कुमार ने मंगलवार को समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं, अर्नब चक्रवात की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने और संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

- लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करें और विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

अर्नब चक्रवात के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पूर्व तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित जोखिमों को देखते हुए समय रहते आवश्यक सतर्कता बरतने, आम नागरिकों तक जरूरी सूचनाएं पहुंचाने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर जोर

कलेक्टर ने जगरगुंडा एजुकेशन सिटी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, लाइब्रेरी और पंचायत कैफे सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में कार्य पूरा कराने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की नियमित जियो-टैगिंग करने तथा नियमानुसार हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, वीबी-जी राम जी योजना के तहत श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नए पात्र किसानों का पंजीयन कराने को कहा गया। कलेक्टर अमित कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन करना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें और कार्यों की नियमित समीक्षा करते रहें।

स्वास्थ्य सेवाओं और कुपोषण पर विशेष ध्यान

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मोतियाबिंद ऑपरेशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, एनक्यूएएस प्रमाणन और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इन कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी और कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक पोषण सुविधाएं उपलब्ध कराने और जरूरत के अनुसार पोषण एवं पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराने को कहा गया। बैठक में समन्वय केंद्र के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों से फोन पर संपर्क कर योजनाओं की जानकारी देने तथा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की पहल की भी समीक्षा की गई।

सिकलसेल के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बिलौरी के स्कूल में लगा शिविर, 129 लोगों को दी गई बीमारी से बचाव व उपचार की जानकारी

एसबीआई संजीवनी परियोजना एवं परिवर्तन समाज विकास समिति बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बिलौरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों और ग्रामीणों सहित कुल 129 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर इसकी पहचान करना और उचित उपचार व बचाव के उपायों की जानकारी देना था। संस्था के जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवंशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में पहुँचती है। इससे खून की कमी, थकान, कमजोरी और शरीर में दर्द जैसी समस्याएँ होती हैं। राजेंद्र यदु ने समझाया कि इस रोग की समय पर जाँच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय सलाह लेना अत्यंत आवश्यक है। प्रभावित व्यक्तियों को पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक आहार लेने और डॉक्टर की सलाह पर ही दवाइयां खाने की हिदायत दी गई।

कार्यक्रम में स्कूल के राजेश जॉन, अजय श्रीवास्तव, नीलमणि टिकरिया, विनीता नाग, सुषमा साहू, प्रतीक्षा दीक्षित और संस्था की ओर से रविन्द्र पोएम, पल्लवी पांडे, सनबारी बघेल व अशोक बघेल उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हुंकार, नियमितीकरण और मानदेय वृद्धि को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले सैकड़ों कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन और आमसभा की। वक्ताओं ने कहा कि दिन-रात मेहनत करने के बाद भी वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और अतिरिक्त विभागीय कार्यों के बोझ से मूल काम प्रभावित हो रहा है। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का नियमितीकरण करने और नियमित होने तक श्रम कानून के तहत कार्यकर्ता को 30000 व सहायिका को 25500 रुपये मानदेय देने की मांग शामिल है। इसके अलावा कार्यकर्ता को



सुपरवाइजर व सहायिका को कार्यकर्ता पद पर सीधे पदोन्नत करने, समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी, पीएफ का लाभ देने, आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति और रिटायरमेंट पर 5 लाख व 3 लाख रुपये का भुगतान करने तथा मध्य प्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष 1,000 रुपये मानदेय बढ़ाने की मांग की गई है।

बच्चों को बांटी खेल सामग्री, खेलों के माध्यम से सुदूर अंचल के ग्रामीणों के बीच मजबूत किया विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- पुलिस ने अंडरी में लगाया सिविक एक्शन कैंप

बीजापुर पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम अंडरी में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और समन्वय को मजबूत करना रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने ग्रामीणों की आवश्यकताओं को समझकर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को उनकी आवश्यकतानुसार रोजमर्रा की उपयोगी सामग्री वितरित की गई। वहीं, बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इनडोर गेम्स की खेल सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। इस मौके पर विभिन्न रोचक खेलों और मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



जनसेवा और सुरक्षा का संदेश

शिविर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व आपसी विश्वास का वातावरण मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता है। बीजापुर पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनसेवा और सहभागिता के माध्यम से मजबूत संबंध स्थापित करना है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा यह सिविक एक्शन कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शबरी घाट और मुक्तिधाम मार्ग के लिए 30 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला मुख्यालय स्थित शबरी नदी घाट और मुक्तिधाम मार्ग की समस्याओं को लेकर वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती कांता राठी द्वारा किए गए प्रयासों को सफलता मिली है। पार्षद व नपा अध्यक्ष हूंगाराम

- पार्षद ने कलेक्टर ,जिला पंचायत सीईओ का जताया आभार

मरकाम के पत्रों पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर अमित कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकुंद ठाकुर ने संबंधित विकास कार्यों के लिए कुल 30 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से शबरी घाट पर छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने के साथ मुक्तिधाम मार्ग के नवीनीकरण का रास्ता भी साफ हुआ है।

पार्षद कांता राठी ने इस संबंध में दिनांक 29 अक्टूबर 2025 तथा दिनांक 16 सितंबर 2026 के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने शबरी नदी घाट के विस्तार, छोटी पुलिया के निर्माण, श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा, घाट के सौंदर्यीकरण तथा मुक्तिधाम मार्ग के नवीनीकरण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। प्रशासन



द्वारा इन मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राशि स्वीकृत किए जाने से क्षेत्रवासियों में विकास कार्यों को लेकर उम्मीद जगी है। इसी मांग को लेकर महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी व नपा अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने भी अपने स्तर से कलेक्टर को निवेदन किया था।

वर्ष 2025 में आई बाढ़ के दौरान शबरी नदी के तट पर नाले के ऊपर बनी पुलिया बह गई थी। इसके कारण नदी के दूसरी ओर जाने वाले लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर मुक्तिधाम आने-जाने वाले लोगों के लिए मार्ग की समस्या गंभीर बनी हुई थी। स्थानीय जरूरतों को देखते हुए पार्षद कांता राठी ने प्रशासन को पत्र लिखकर पुलिया निर्माण और मार्ग सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया था।

शबरी नदी का घाट सुकमा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। छठ महापर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य देने और पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। घाट का सीमित क्षेत्रफल, बुनियादी सुविधाओं की कमी और बाढ़ के बाद जमा मिट्टी एवं गंदगी श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बनती रही है।

पार्षद ने एक वर्ष पूर्व व 16 सितंबर 2026 के पत्र में घाट के विस्तार, छोटी पुलिया निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 30 लाख रूपये स्वीकृत करने हेतु आग्रह किया था।उनका कहना था कि घाट का व्यवस्थित विकास होने से धार्मिक आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

कांता राठी ने विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने पर कलेक्टर अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, ताकि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और मुक्तिधाम मार्ग से आवागमन भी सुगम हो सके।

शबरी घाट की साफ सफाई व रोशनी के लिए लिखा पत्र

पार्षद कांता राठी ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नपा सुकमा को पत्र लिख कर आगामी छठ पूजा को देखते हुए शबरी घाट को व्यवस्थित करने हेतु कहा। पार्षद ने बताया कि पिछले दिनों आई बाढ़ के बाद मुक्तिधाम मार्ग व घाट में भारी मात्रा में रेत व मलबा भर गया है जिसके चलते आने वाले दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पार्षद श्रीमती राठी ने छठ पर्व पर पर्याप्त रोशनी भी करने का अनुरोध किया है।

घाट का किया मुआयना

छठ पर्व को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, पार्षद कांता राठी ने घाट स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान मिथिला समाज के मोहन शर्मा, दिलीप शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान चर्चा में पार्षद ने कहा कि अगर तकनीकी कारणों से निर्माण कार्य में विलंब भी होता है तो अस्थाई पुलिया बनाया जाएगा जिससे छठ पूजा कार्यक्रम सुचारू ढंग से हो सके।









कोकानपुर में गौरा-गौरी और बाबा नर्मदेश्वर महादेव की प्रतिमाओं की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

कोकानपुर के अटल चौक स्थित पटेलपारा में बाबा नर्मदेश्वर गौरा महादेव के शिवलिंग एवं गौरा-गौरी भगवान शंकर और माता पार्वती की मूर्तियों की स्थापना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। पटेलपारा की महिला समिति के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में कलश यात्रा, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला समिति के इस सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद दिया और ग्राम विकास में हरसंभव सहयोग देने की बात कही और साथ ही ग्रामीणों से सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव की मूलभूत समस्याएं रखते हुए आदिवासी एवं धनकर समाज के लिए भवन निर्माण की मांग की। इसके अलावा गांव की मुख्य सड़क और गलियों में रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने की समस्या से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए और भालू जैसे जंगली जानवरों का विचरण होता रहता है। ऐसे में अंधेरी सड़कों और गलियों से गुजरना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनता है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों की मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। ग्राम पटेल माखन सिंह मंडावी ने महिला समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि समिति की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली राशि को एकत्रित कर इस धार्मिक आयोजन में योगदान दिया। इसके अलावा कुछ दानदाताओं ने भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया। महिलाओं के आपसी सहयोग, समर्पण और सामूहिक प्रयास से मूर्ति स्थापना सहित सभी धार्मिक कार्यक्रम हुए।

विधायक आशाराम नेताम ने शामिल होकर कार्यक्रम की बढ़ाई शोभा



कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में सरपंच कलीराम उइके, उपसरपंच योगिता राजपूत, जिला मंत्री अनूप राठौर, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, गौतम लुंकड़, भूपेंद्र राजपूत, दीप सिन्हा, महेश्वर परिहार, टाकेश धनकर, विक्की मंडावी, चैतू राम कांगे, सदाराम मंडावी, दिलीप मंडावी, सहदेव मतलाम, रमेश टेकाम, हेमलाल तेता, घासी यदु, शंकर साहू, धनेश यादव, किरन नेताम, रिंकू वर्मा, लता टेकाम, खेमीन कांगे, उर्मिला कैमरो, गीता वर्मा, राजिम धनकर, देवकी नेटी, अनीता मंडावी, दुलारी यादव, मीरा सिन्हा, अन्नपूर्णा नेताम, हेमलाल यदु, देशीराम भुआर्य, नरसिंह कुमेटी, वासु मंडावी, तेजराम धनकर, किशोर टेकाम, छक्कन टेकाम एवं महाराज भेषमणी द्विवेदी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

स्वरोजगार के लिए मिलेगा 35 प्रतिशत अनुदान

कांकेर। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। योजना में सेवा क्षेत्र के लिए एक लाख और विनिर्माण क्षेत्र के लिए तीन लाख तक की परियोजनाएं शामिल हैं। 18 से 45 वर्ष आयु के पात्र आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन जिला पंचायत कार्यालय कांकेर स्थित सहायक संचालक, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

मां दंतेश्वरी की विदाई में नाई समाज हुआ शामिल

जगदलपुर। दशहरा पर्व की आज अंतिम रस्म देवी दंतेश्वरी के डोली की विदाई में सर्व नाई समाज संघ के अध्यक्ष मनोज ठाकुर के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हनुमान मंदिर के समीप फूल-मालाओं से माता का स्वागत एवं पूजन किया। समाजजनों ने मां दंतेश्वरी से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संघ के सदस्य भास्कर राव, राजू राव, महेंद्र ठाकुर, शंभू ठाकुर, सरोज श्रीवास, कृष्ण राव, अनिल ठाकुर, गौरी शंकर श्रीवास, राजेश राजनु श्रीवास, शेखर ठाकुर, राम लखन ठाकुर ,प्रेमजीत ठाकुर, हरिवंश ठाकुर, चंदन ठाकुर, सतीश सविता, रामबाबू श्रीवास, राजा ठाकुर, बाबू साहब ठाकुर, लल्लन ठाकुर शामिल थे।

वार्षिक निरीक्षण : कम ब्याज पर ऋण और बचत को मिलेगा बढ़ावा

अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निराकरण पर आईजी सख्त, कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण की समीक्षा करने और पुलिसकर्मियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर बद्रीनारायण मीणा ने वार्षिक निरीक्षण किया। शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा और संबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

पुलिस महानिरीक्षक ने 26 एवं 27 अक्टूबर को जिला कांकेर का वार्षिक निरीक्षण किया। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण को लेकर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर बद्रीनारायण मीणा ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के नेतृत्व में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।

इस दौरान लंबित प्रकरणों की प्रगति, अपराधों की रोकथाम तथा पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली गई। बैठक में पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने और आम नागरिकों को समय पर न्यायोचित सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अधिकारियों को विवेचना की गुणवत्ता बनाए रखने, शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस विभाग में संवेदनशीलता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को प्रभावी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने आम नागरिकों की सुरक्षा और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।



पुलिस साख समिति का शुभारंभ

पुलिसकर्मियों को आर्थिक जरूरतों के समय राहत उपलब्ध कराने और उनकी वित्तीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्रीनारायण मीणा ने कांकेर में पुलिस साख समिति का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को जरूरत के समय कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ नियमित बचत के लिए प्रोत्साहित करना है।

शाखा निरीक्षण के साथ परेड देखा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 27 अक्टूबर को रक्षित केंद्र कांकेर में पुलिस परेड का निरीक्षण किया तथा बलवा ड्रिल के अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल के अनुशासन, शारीरिक दक्षता और कार्य के प्रति तत्परता का आंकलन किया गया। इसके साथ ही बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया, जिसमें भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पुलिस बल की भूमिका तथा आपसी समन्वय को परखा गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

पुलिस विभाग में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाने की पहल के तहत पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्रीनारायण मीणा ने कांकेर जिले के वार्षिक निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

ग्राम पंचायत मुल्ला में 23 एवं 24 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और साथ ही युवाओं में अनुशासन, आपसी भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

समारोह में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुल्ला की सरपंच सुमन मंडावी, भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा, नारायणपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य वरुण खापरडे, जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप और ग्राम गायता राधेश्याम तारम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तुलसीराम कोरेटी, सुभाष कड़ियाम, ऋषि नेताम, महेंद्र कचलाम, नरेंद्र नरेटी, रतन साहू, शिवराम यादव, महेश कोरेटी, बलिराम कुमेटी, बरसन सलाम, बहादुर नरेटी, संदीप तारम, गोपी उईके, तिलक तारम, जितेंद्र रावटे, नीलकंठ सलाम, अनिल कुलदीप, अनूप कुलदीप, नीरज मंडावी, मुकेश कोरेटी, रवि कोरेटी, राकेश कोरेटी सहित ग्रामीण शामिल रहे।

पेशी के दौरान पांच हजार की मांग विवाद बढ़ने पर युवक से मारपीट

कांकेर। न्यायालय में पेशी के दौरान पैसों की मांग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। एक युवक ने आरोप लगाया है कि पांच हजार रुपए देने से असमर्थता जताने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई और गाल पर कई थप्पड़ मारे गए। इतना ही नहीं, दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भानुप्रतापपुर के बसंत नगर निवासी 22 वर्षीय दियानत खान ने पुलिस को बताया कि मैं टाइल्स लगाने का काम करता है। वह चोरी के एक प्रकरण में पेशी के लिए 27 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर न्यायालय पहुंचा था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी परवेज खान न्यायालय में मिला और बताने लगा कि उसके पूर्व में दर्ज अपराध के मामले में मोटरसाइकिल का मुलाहिजा उसके द्वारा किया गया था। इस संबंध में उसे भी न्यायालय में पेश होने का नोटिस मिला था। उसने अपना काम छोड़कर न्यायालय आने की बात कहते हुए शिकायतकर्ता से पांच हजार रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता का



आरोप है कि उसने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इतनी रकम देने में असमर्थता जताई। उसने कहा कि वह अपनी हैसियत के अनुसार एक हजार से पांच सौ रुपये तक दे सकता है। इसी बात को लेकर आरोपी नाराज हो गया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विवाद के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता के गाल पर हाथ से तीन बार जोरदार थप्पड़ मारे। इसके बाद दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर परवेज खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296 एवं 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

खड़े ट्रक से टकराई कार, पांच लोग घायल, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

केंवटी से भानुप्रतापपुर की ओर जा रही एक ग्रैंड विटारा कार घोड़ाबत्तर के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक के सीने और हाथ में चोट आई है। उनका धमतरी स्थित निजी अस्पताल में इलाज जारी है। मामले में कार चालक के भाई ने को भानुप्रतापपुर थाना में ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना में शिकायत करने पहुंचे चंद्रशेखर साहू ने पुलिस को बताया कि उनका भाई राजेश कुमार साहू ग्रैंड विटारा



कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 0857 से केंवटी से भानुप्रतापपुर जा रहा था। कार में उमाकांत साहू, मनीष साहू, देवेश साहू और जागेश्वर साहू भी सवार थे। घोड़ाबत्तर के पास पहुंचने पर कार सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 1903 से टकरा गई। ट्रक पिछले चार-पांच दिनों से खराब हालत में सड़क किनारे खड़ा था। ट्रक पर पार्किंग लाइट, संकेतक, डिपर या रिफ्लेक्टर जैसे सुरक्षा संकेत नहीं होने के कारण रात के समय वाहन दिखाई नहीं दिया और कार उससे टकरा गई। दुर्घटना में कार चालक राजेश कुमार साहू के सीने और हाथ में चोट आई है। वहीं उमाकांत साहू के बाएं हाथ, मनीष साहू की नाक, देवेश साहू के जबड़े और जागेश्वर साहू के सिर में चोट आई है। ट्रक चालक की लापरवाही को दुर्घटना का कारण बताते हुए पुलिस से एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस की ओर से मामले में ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 1903 का चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

रावघाट परियोजना के कर्मचारियों का 16 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

रावघाट परियोजना के अंतर्गत केसीसीएल कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 23 अक्टूबर से धरना-प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के समक्ष 16 सूत्रीय मांगें रखते हुए वेतन, भत्ते, भविष्य निधि, कर्मचारी बीमा, पदोन्नति और अन्य सुविधाएं लागू करने की मांग की है।

- मांग में वेतन, भत्ते, भविष्य निधि, कर्मचारी बीमा, पदोन्नति और अन्य सुविधाएं लागू करने की मांग

धरनारत कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्ति की तारीख के अनुसार नियुक्ति पत्र दिया जाए तथा हर महीने की वेतन पर्ची ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाए, ताकि वेतन भुगतान और अन्य विवरणों की जानकारी आसानी से मिल सके। इसके अलावा खदान भत्ता, जोखिम भत्ता, सुरक्षा भत्ता, धूल भत्ता और कठिन कार्य भत्ता देने की मांग की गई है। कठिन क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित इलाकों में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार विशेष भत्ता देने की मांग भी शामिल है।



कर्मचारियों ने कर्मचारी राज्य बीमा की राशि कंपनी द्वारा जमा कराने, साप्ताहिक अवकाश के दिन काम कराने पर अतिरिक्त भुगतान करने तथा रविवार को मशीनों और परिवहन संबंधी कार्य बंद रखने की मांग रखी है। उनका कहना है कि फरवरी से नियुक्त कर्मचारियों को 12 प्रतिशत भविष्य निधि के साथ माइनस अलाउंस का लाभ दिया जाए तथा पूर्व में बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाए। कर्मचारियों की अन्य मांगों में पुराने कर्मचारियों को उनके कार्य अनुभव एवं योग्यता के आधार पर अर्ध-कुशल और कुशल श्रेणी में वर्गीकृत करना, प्रत्येक वर्ष की सेवा पूरी होने पर पदोन्नति देना तथा योग्यता के अनुरूप कार्य सौंपना शामिल है।

इसके साथ ही प्रतिवर्ष 12 आकस्मिक अवकाश, राष्ट्रीय पर्वों एवं अन्य त्योहारों पर सवैतनिक अवकाश और दीपावली पर 20 प्रतिशत बोनस देने की मांग की गई है। खदान क्षेत्र में धूल को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पानी का छिड़काव करने, हर महीने की 11 तारीख को कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा के लिए दो घंटे का समय निर्धारित करने तथा बैठक में आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई है। कर्मचारियों ने आवागमन के लिए पेट्रोल भत्ता देने की मांग भी रखी है। धरनारत कर्मचारियों का कहना है कि इन मांगों को एक अक्टूबर से लागू किया जाए, जबकि 12 प्रतिशत भविष्य निधि और माइनस अलाउंस का लाभ फरवरी से दिया जाए।

आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों का दो माह से भुगतान रूका

पखांजुर। क्षेत्र में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक - शिक्षिकाओं के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। बताया जा रहा है कि जिले के सभी आत्मानंद विद्यालयों के शिक्षकों का पिछले दो माह से वेतन भुगतान लंबित है। समय पर वेतन न मिलने से शिक्षक बेहद परेशान हैं। पखांजुर और कोयलीबेड़ा ब्लॉक के शिक्षकों ने बताया कि अगस्त और सितंबर माह का मानदेय अब तक खाते में नहीं आया है। नवरात्रि जैसे त्योहार के बाद भी हाथ खाली होने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि एक तरफ वे बच्चों को बेहतर भविष्य देने के



लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपने ही परिवार के खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, मकान का किराया, बिजली बिल और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूसरों से उधारी लेनी पड़ रही है। नियमित आय पर ही पूरा परिवार निर्भर है। दो महीने से भुगतान नहीं होने से आर्थिक ही नहीं, मानसिक तनाव भी बढ़ गया है। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि भुगतान में हो रही देरी के कारणों की जांच कर बकाया राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि वे निश्चिंत होकर शिक्षण कार्य कर सकें।

38 वर्षों से चली आ रही रामलीला की परंपरा, धूमधाम से मनाया उत्सव

भेजा में दशहरा पर झांकी, रामलीला और पारंपरिक रैनी पूजा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

विजयादशमी पर 24 अक्टूबर शनिवार को भानुप्रतापपुर विकासखंड के पहाड़ियों और जंगलों से घिरे आदिवासी बाहुल्य ग्राम भेजा में दशहरा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भव्य झांकी, रामलीला एवं पारंपरिक रैनी पूजा का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई।

ग्राम भेजा में रामलीला आयोजन की शुरुआत 38 वर्ष पूर्व ग्रामवासियों और उनके पूर्वजों द्वारा की गई थी। तभी से ग्रामीण इस परंपरा का निरंतर निर्वहन करते आ रहे हैं। इस वर्ष आयोजन का 39वां वर्ष रहा। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा गांव की धार्मिक आस्था,



सांस्कृतिक विरासत और पूर्वजों की परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से प्रत्येक वर्ष इस आयोजन को भव्य रूप दिया जाता है। ग्राम भेजा का दशहरा उत्सव केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों की एकता, आपसी सहयोग, भाईचारे और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। रामलीला, भव्य झांकी और रैनी पूजा के माध्यम से ग्रामीण अपनी लोकसंस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं।

आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता ने उत्सव को विशेष बना दिया। इस प्रकार ग्राम भेजा का दशहरा उत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक एकजुटता का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम एवं झरना ध्रुव, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, रामबाई गोटा, पीयूष कश्यप, जय शिवना, शंकर यादव, सरपंच जीतू दर्रो, जागेश्वर, जुनऊ गावड़े, सदाराम चक्रधारी एवं नंदकुमार मरकाम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जमीन विवाद को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

कांकेर। टिकरापारा स्थित संतोषी मंदिर के पास जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस जांच के अनुसार पवन कुमार शर्मा के साथ रूपा सोनी और उनकी मां निर्मला देवी सोनी द्वारा गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और हाथ-मुक्कों से मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। शिकायत की जांच के बाद कांकेर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (3) एवं 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

